हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]

**तापमान**

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 भगवान शिव से सीखें स्वयं विषपान कर दूसरों का कल्याण ...



10 साय बोले- सत्ता के लिए सिद्धांतों और राजनीतिक ...



योजना : मरीज या उनके परिजन एप के माध्यम से करा सकते हैं पंजीयन

# ओपीडी पर्ची के लिए अब लाइन की जरूरत नहीं, मोबाइल एप आभा से होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला अस्पताल में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। मरीज या परिजन घर बैठे ही मोबाइल ऐप (आभा) के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं या फिर इसके लिए इस ऐप के क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक मोबाइल ऐप (आभा) तैयार किया गया है, जिसका उपयोग कर मरीज या परिजन अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

खास बात यह कि इस ऐप में मरीज का एक आभा कार्ड बनेगा, जिममें यूजर्स को एक 14 डिजिट का कार्ड मिलेगा, जिसमें मरीज के हेल्थ (डाइग्नोस्टिक व दवाई) की पूरी जानकारी भी होगी। इससे कहीं पर भी किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री जानने में कोई दिक्कत नहीं होगी। स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत इस ऐप के यूज के लिए जोर दिया जा रहा है। इसके तहत यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत कोई भी व्यक्ति आभा कार्ड बनवा सकता है। इसमें पंजीयन के लिए मरीज या परिजन को ऐप या जिला अस्पताल के ऐप का क्यूआर कोड का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

**मेडिकल हिस्ट्री होगी डिजिटल, ये हैं इसके फायदे :** भारत सरकार देश के लोगों के लिए तरह-तरह के कार्ड जारी करती है। इन सभी काड्र्स का इस्तेमाल अलग-अलग कामों में होता है। प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी स्वास्थ्य विभाग संजय तिवारी ने बताया कि सरकार फ्री इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करती है। वहीं वोट देने के लिए वोटर कार्ड जारी करती है। इनकम टैक्स और बैंकिंग से जुड़े कामों के लिए पैन कार्ड जारी करती है। पहचान पत्र के तौर पर आधार कार्ड जारी होता है। साल 2021 में भारत सरकार ने आभा कार्ड भी लांच किया। यह कार्ड बाकी सभी कार्ड से अलग है। कार्ड के नहीं होने से लोगों के काम नहीं रुकते। लेकिन, इसके इस्तेमाल आपके काफी काम आसान हो जाते हैं।

### आसान है इस ऐप का उपयोग करना

जिला अस्पताल बेमेतरा के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव व अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु ने बताया कि आभा ऐप का उपयोग कोई भी स्मार्ट मोबाइल धारक कर सकता है । ऐप या क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्टर्ड ऑप्शन में जाकर अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद ओटीपी सत्यापन होगा और उपयोगकर्ता को अपना नाम, लिंग, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर व ईमेल का विवरण देना होगा। इस ऐप से संबंधित क्यूआर कोड जिला अस्पताल में चस्पा किया गया है।




### आभा कार्ड न होने के नुकसान

आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानी आभा कार्ड भारत सरकार की ओर से जारी होने वाला एक डिजिटल हेल्थ कार्ड है। इस कार्ड के अंदर आपका पूरा मेडिकल रिकार्ड मौजूद होता है। इससे आप अपनी हेल्थ रिलेटेड जानकारी बड़ी आसानी से और सेफ्टी के साथ डिजिटल स्टोर कर सकते हैं। जिन लोगों के पास आभा कार्ड नहीं होता, उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी अलग-अलग जगहों पर बिखरी होती है। इससे जरूरत के समय पर सारी जानकारी मौजूद नहीं होती और जब आप अस्पताल में इलाज करवाना चाहते हैं, तब आपके पास जरुरी मेडिकल रिकॉर्ड नहीं होता। इससे तत्काल इलाज में समस्या आ सकती है। आभा कार्ड होने से आपकी सारी मेडिकल हिस्ट्री एक ही कार्ड में मौजूद रहती है, जिसे डॉक्टर या अस्पताल आसानी से चेक कर सकता है।

# खरीदी केंद्रों से धान उठाव में और तेजी लाएं : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचनों के दौरान शासकीय विभागों एवं कर्मियों से अपेक्षित कर्तव्य की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी दिनों में होने वाले नगर पालिकाओं एवं पंचायत निर्वाचन 2024-25 की गाइड लाइन का शत प्रतिशत पालन करने की बात करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं (नगर पंचायत, नगर पलिका परिषद और नगरपालिक निगम) एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता संबंधित क्षेत्रों में लागू कर हो जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शासकीय विभागों एवं उनके अधीन सार्वजनिक उपक्रमों, मण्डलों, निगमों के कर्मियों से अपेक्षा है कि वे निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा दिनांक से निर्वाचन परिणामों की घोषणा दिनांक तक आदर्श आचरण संहिता का पालन करें।उन्होंने आयोग द्वारा जारी गाइड का पालन करने के निर्देश दिए

■ समय-सीमा की बैठक कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस कि तैयारी के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की। पूर्व की भांति गरिमामय गणतंत्र दिवस की तैयारी करने कहा। उन्होंने सहकारिता से समृद्धि योजना की जानकारी ली। इसके साथ ही लोक आयोग के प्रकरण की अद्यतन जानकारी लेते हुए समय पर निराकरण ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप




### वीर बाल दिवस पर हुईं विविध स्पर्धाएं

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित सेजेस सिंघौरी में वीर बाल दिवस के अवसर पर कक्षा दसवीं के होनहार छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली चित्रकला एवं भाषण कविता सुनाकर गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेहसिंह के बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सेवानिवृत व्याख्याता एस एस राजपूत, प्राचार्य आर जी चंद्राकार ने कहा कि आज का इतिहास हमें आने वाली पीढ़ी को सच्चाई एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिका सहित गीतांशु वर्मा, मनीष , गणेश साहू, गंगा जमुना डामेशवरी, दुर्गेश्वरी, ढालेश्वरी काजल आदि छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

### वृद्धाश्रम में वृद्धजन की हुई जांच, किया जागरूक



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम 7 दिसंबर से 23 मार्च तक 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान 4 चरणों में चलाया जा रहा है। जिला क्षय उन्मूलन नोडल सह जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड के निर्देश पर जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा शहर के दोनों वृद्धाश्रम कोबिया व सिंघोरी में जाकर टीबी, कुष्ठ और वयोवृद्ध संबंधित वृद्धावस्था में होने वाले रोग के कारण ,निदान के बारे उपस्थित वृद्धजन को जानकारी साझा करते हुए अभियान से अवगत करवाया गया। उक्त संबंध में समस्त जानकारी दी गई। इस दौरान दो संभावित टीबी मरीज को जांच के लिए फाल्कन ट्यूब दी गई। इस दौरान जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से पीएम डी टी दिनेश जायसवाल, पी पी एम यशवंत भारद्वाज , एस टी एल एस अरुण राजपूत, एस टी एस गिरधर देवांगन, टी बी एच बी सुनील पात्रे, वृद्धाश्रम के वृद्धजन सहयोगी उपस्थित रहे।

### वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाना अनिवार्य

**बालोद।** उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार जिले में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाया जाना अनिवार्य है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहन स्वामी द्वारा छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की वेबसाईट पर लॉगिन कर सीधे हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट नम्बर प्लेट आर्डर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट नंबर प्लेट 19 मार्च 2025 के पूर्व लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके अंतर्गत निर्धारित शुल्क का भुगतान केवल डिजिटल माध्यम से किया जाएगा।

# आम स्थानों पर शराब पीने की सुविधा देने वाले 75 लोगों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एसपी रामकृष्ण साहू के निर्देश पर जिले के थाना/चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने सख्त एक्शन लेते हुए नशे में धुत और असामाजिक तत्वों के साथ-साथ शराब पीने और पिलाने वालों पर कारवाई तेज कर दी है। इसके तहत 75 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस की उक्त कारवाई से आम जगह पर शराब सेवन कराने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 75 व्यक्तियों पर कार्यवाही से अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों में हडकंप मच गया। इस कारवाई से बेमेतरा पुलिस ने साफ संदेश दिया कि नशे और अवैध गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर सख्ती से निपटा जाएगा।

■ जिले के विभिन्न थाना व चौकी पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन ने जिले में एक दिवसीय विशेष अभियान चलाकर जिले के थाना/चौकी क्षेत्रों में आबकारी एक्ट के तहत एक ही दिन 75 प्रकरण में 75 दर्ज किए। इनमें थाना बेमेतरा, नवागढ, नांदघाट, दाढी, खम्हरिया, साजा, परपोडी, बेरला, चंदनू, एवं चौकी देवकर, खण्डसरा, मारो, कंडरका, देवरबीजा, संबलपुर में आम जगह पर शराब सेवन कराने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों की धरपकड़ कर खुलेआम नशे पर अंकुश लगाने का कार्य किया। आरोपियों मोहन साहू, नारायण साहू, टोमन साहू, तजेश्वर साहू, दुर्गेश साहू, जहिर खान, तिरेन्द्र यादव, बेदराम, राजू जांगडे, मुकेश निषाद, मनहरण निषाद, नारायण सतनामी, मनीष यादव, तुषार गिरी गोस्वामी, संतु बंजारे, श्याम सुंदर, लोमश पात्रे, रमाशंकर वर्मा, पप्पू साहू, जितेन्द्र वर्मा, वरूण साहू, शिव कुमार साहू, नरेन्द्र यादव, दिपक यादव, हासन खान, तोरण साहू, दिलीप निर्मलकर, प्रदीप यादव, नरेन्द्र भट्ठ, कोमल वर्मा, शेखर निषाद, पंचराम ऊर्फ पंचू सोनवानी, लल्लू देवांगन, दुर्गेश सिन्हा, अमन देवांगन, अरूण निषाद, अल्लाउदिन खान, योगेश यादव, दशरथ साहू, प्रदीप कोशले, गनपत वर्मा, रामकुमार वर्मा, थानवर भारती एवं अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 36(च) व 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



### घर, हॉटल, छपरी में चल रहा था पीने पिलाने दौर

पुलिस मकहमे ने जिले के थाना/चौकी स्टाफ अपने थाना/चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान जिले के विभिन्न मार्गों के सार्वजनिक क्षेत्रों में हॉटल नुमा छपरी या खुद के घर के आंगन में सुविधा बनाकर पीने-पिलाने का काम किया जा रहा था। इसके साथ ही चौराहों व बाईपास रोड पर जगह-जगह पर ठेले पर अंडे और पानी पाउच के अलावा खाद्य सामग्री सुलभ कराते हुए पीने पिलाने का दौर खुलेआम चल रहा था।

## राशन कार्डधारी 28 फरवरी तक करा सकेंगे नवीनीकरण

**बेमेतरा।** खाद्य विभाग ने सार्वजनिक वितरण के अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डों की नवीनीकरण प्रक्रिया की समयसीमा में वृद्धि की है। जिन्होंने अब तक राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है, वे 28 फरवरी 2025 तक करा सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने ऐसे राशन कार्डधारियों से अपील की है जिन्होंने अब तक किसी कारणवश नवीनीकरण नहीं कराया है, वे आगामी 28 फरवरी 2025 तक करा सकते है । खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में प्रचलित 263606 राशनकार्डों में से 251309 (95.34%) राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्रवाई पूर्ण हो चुकी है तथा 12297 राशनकार्डो का नवीनीकरण होना शेष है। खाद्य विभाग द्वारा आगामी 28 फरवरी 2025 तक राशनकार्ड नवीनीकरण की कार्रवाई अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड का नवीनीकरण उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अथवा स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से 28 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से नवीनीकरण करा सकते हैं।

### बाइक-स्कूटी में भिड़ंत अनहोनी टली

**बालोद।** बुधवार शाम को शहर के दल्ली चौक के पास बाइक और स्कूटी में भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक बाइक क्रमांक बीई30 क्यू 8624 और सोल्ड लिखी हुई स्कूटी जिसे युवती चला रही थी, में आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद आस पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना में किसी को कोई चोट नहीं लगी है।

## कोटवार के वारिस के बजाए अन्य की नियुक्ति पर संघ ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थान खमरिया तहसीलदार द्वारा कोटवार के वारिस के बजाए अन्य की कोटवार के पद पर किए जाने से कोटवार संघ ने आक्रोश जताते हुए बैठक बुलाई और अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की निर्णय लिया है।

■ अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का लिया निर्णय

कोटवार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कोटवार के वारिस को कोटवार नियुक्ति में प्राथमिकता देना था। लेकिन तहसीलदार द्वारा ग्राम रमपुरा में गलत नियुक्ति कर यादव समाज के व्यक्ति को कोटवार नियुक्त कर दिया गया है, जोकि अनुचित है। जिसके विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। बैठक में प्रदेश सचिव नागेंस्वर सिंह चौहान,सहित जिला कोषाध्यक्ष ,जिला उपाध्यक्ष,साजा तहसील अध्यक्ष,बेमेतरा तहसील अध्यक्ष, नवागढ़ तहसील अध्यक्ष, थान खमरिया तहसील अध्यक्ष, तहसील के कोटवार साथी उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि थान खमरिया तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम रमपुर में राधे चौहान कोटवार के पद पर पदस्थ था।

उसकी मौत होने के पश्चात उसका पौत्र जितेंद्र चौहान ने अपने दादा की जगह कोटवार नियुक्त किए जाने का आवेदन तहसीलदार के यहां किया गया था। वहीं ग्राम के ही पोषण ठेठवार ने भी आवेदन किया था, जिसके समर्थन में ग्राम पंचायत ने भी सहमति दी थी। इसके आधार पर तहसीलदार ने पोषण की कोटवार के पद पर नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया। जिस पर कोटवार संघ ने नियमों का हवाला देते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई और हड़ताल में जाने की चेतावनी दी है।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



## खबर संक्षेप

### बेलगामी में सीडब्ल्यूसी की बैठक, भूपेश हुए रवाना



**रायपुर।** बेलगाम, कर्नाटक में 26 दिसंबर को विस्तारित सीडब्ल्यूसी की विशेष बैठक रखी गई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बैठक में भाग लेने रवाना हो गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली से ही इसमें भाग लेने गुरुवार सुबह रवाना होंगे। यहां होने वाली दो दिवसीय बैठक को 'नव सत्याग्रह' का नाम दिया गया है। 27 दिसंबर को यहां एक विशाल 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' रैली आयोजित होगी।

### गांधी सदन में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**रायपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में एएसजी नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से गांधी सदन में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित निगम कार्यालय पहुंचे नागरिकों ने निशुल्क नेत्र परीक्षण कराकर इसका लाभ उठाया। शिविर में नागरिकों की आई स्क्रीनिंग भी की गई।

### गांडा महासभा युवा विभाग का युवा संवाद 29 को



**रायपुर।** गांडा महासभा युवा विभाग द्वारा युवा संवाद 2024 कार्यक्रम 29 दिसंबर रविवार वृंदावन हॉल सिविल लाइंस रायपुर आयोजित है, जिसमें समाज के युवाओं एवं समाजजनों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में युवाओं के साथ संवाद किया जाएगा एवं समाज में युवाओं का योगदान, समाज के विकास के लिए, आदर्श समाज बनाने के लिए, समाज का केंद्रीकरण करने के लिए, युवाओं को समाज से जोड़ने के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं के भविष्य, युवाओं के कैरियर के लिए गाइडेंस एवं समाज में किस तरह से युवाओं को शामिल करके समाज की दशा और दिशा बदलनी है, इस पर गहन चर्चा की जाएगी। युवा अध्यक्ष बंटी निहाल ने बताया कि युवा ही समाज की दशा और दिशा बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

प्रदेश स्तरीय दौरा कर समाज को मजबूत बनाने युवाओं को जोड़ा जाएगा। आगामी कार्यक्रम को लेकर विगत दिनों गांडा महासभा की टीम ने बैठक रखकर अपने सदस्यों को जिम्मेदारी दी। कार्यक्रम को लेकर युवाओं में हर्ष का माहौल है और युवा वर्ग भी चाहता है कि समाज का विकास होना चाहिए।

### वीर बाल दिवस पर किया 4 साहिबजादों को नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंहजी के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने गुरु गोबिंद सिंहजी के पुत्रों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंहजी के पुत्रों ने धर्म की रक्षा के लिए बहुत कम उम्र में ही अपने आप को बलिदान कर दिया। उन्होंने अपनी वीरता और शौर्य से देश को गौरवान्वित किया है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में जन्म शताब्दी पर हुए विविध कार्यक्रम

# साय बोले- सत्ता के लिए सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों से अटलजी ने कभी समझौता नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में सुशासन की कल्पना को चरितार्थ करने वाले, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके उनकी जन्म शताब्दी और सुशासन दिवस की बधाई देते हुए कहा, यह उनका परम सौभाग्य रहा कि उनके प्रधानमंत्रित्व काल में उनके सान्निध्य में सांसद के तौर पर कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, सत्ता की राजनीति के लिए सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों के साथ अटल जी ने कभी कोई समझौता नहीं किया।

उन्होंने कहा, 1996 में पहली बार प्रधानमंत्री बने तब भी विश्वास मत के प्रस्ताव पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए अनैतिक तरीकों से मिली सत्ता को चिमटे से भी नहीं छूने का संकल्प व्यक्त किया था और उस पर वे अडिग रहे। दूसरे कार्यकाल में एक वोट से उनकी सरकार गिर गई पर उन्होंने सिद्धांत पर चलते हुए राजनीति की। तीसरी बार पूरे देश में सुशासन स्थापित करने वाले अटल ने एक मजबूत सरकार चलाई। उन्होंने इस देश के गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़कर गांव के विकास की शुरुआत की। किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत भी उनकी सरकार ने की। पहली बार भारत सरकार में आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया ताकि देश की आदिवासियों का समुचित विकास हो। भव्य भारत के निर्माण के उनके सपनों को हम साकार करने के लिए हम संकल्पित हों, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।




### सुशासन की राह पर चले हम सब साथ हैं : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अटल की सरकार में अपने मंत्री के तौर पर कार्यकाल का स्मरण करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत उनके साथ हुई। आज के शुभ अवसर पर हम सब उनको देश में सुशासन स्थापित करने में उनके योगदान के लिए याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार अभी हाल ही दूसरे साल में प्रवेश किया है। हमकों मुख्यमंत्री को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि आप सुशासन की राह पर चल रहे हैं और हम सब आपके साथ हैं। अटल के बताए मार्ग पर चलते जाइए, यही सुशासन दिवस का संकल्प है।

**श्रद्धांजलि दी गई :** अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन का परिचय कराती चित्र प्रदर्शनी भी रखी गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कार्यालय परिसर में नवनिर्मित स्मृति मंदिर में स्थापित अटल के साथ ही भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, कुशाभाऊ ठाकरे और विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### अटलजी ने छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का किया सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को राजधानी रायपुर के अवंति विहार चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्य स्मरण किया। उन्होंने कहा, अटल छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे। उनका नेतृत्व, दूरदृष्टि और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी नीतियों और विचारों ने भारत को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा, उनके सपनों को साकार करते हुए ही छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने उनकी जन्मशती के इस विशेष अवसर पर कहा, उनके मूल्यों को आत्मसात कर हम सभी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उनकी स्मृति में इस रजत जयंती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत राज्य में अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, राजेश मूणत सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



**अटल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर नालंदा परिसर में लगी प्रदर्शनी :** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा रायपुर के नालंदा परिसर में दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी बुधवार से लगाई गई है।

# पीएम आवास से दूर हुई बिरझा बाई के परिवार की समस्या, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ग्राम धनेली निवासी बुजुर्ग ने की योजना की सराहना



रोटी, कपड़ा और मकान प्रारंभ से मनुष्य की सर्वप्रमुख आवश्यकता रही है। लेकिन रोटी और कपड़ा की व्यवस्था के लिए भी मनुष्य के लिए एक सुरक्षित आशियाना का होना अत्यंत आवश्यक है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनेली के गरीब बुजुर्ग महिला बिरझा बाई का आवास निर्माण हो जाने से उसकी जीवन की सबसे बड़ी चिंता दूर हुई है। इस योजना के तहत निर्मित बेहतरीन आवास में अब बुजुर्ग बिरझा बाई अपनी बहु, पौत्र एवं पौत्रवधु के साथ खुशहाल जीवन यापन कर रही है।

बुजुर्ग बिरझा बाई ने बताया कि वे एक बहुत ही गरीब परिवार की महिला है। उनका परिवार ग्राम धनेली में स्थित कुल 01 एकड़ कृषि भूमि पर खेती–किसानी कर अपना जीवन यापन करता है। बहुत पहले उनका पति का निधन हो गया है। वर्तमान में उनके पुत्रवधु एवं अपने पौत्र कमलेश और उसकी पत्नी दसमत के साथ मेहनत–मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले परिवार के पास सुरक्षित एवं उपयुक्त आवास नहीं होने से मिट्टी के खपरैल वाले मकान में रहने सभी विवश थे। लेकिन आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सुरक्षित पक्का आवास निर्माण होने से निश्चिंत होकर उनका परिवार जीवन यापन कर रहा है। पक्के घर के निर्माण होने से अब इस घर में बारिश का पानी के टपकने की समस्या से भी मुक्ति मिली है।

इसके अलावा घर में सांप, बिच्छू, कीड़े–मकोड़े की प्रवेश की समस्या नहीं हो रही है। अब उनके परिवार को सुरक्षित आवास मिल जाने से जीविकोपार्जन के लिए अन्य कार्यों को भी आसानी से कर पा रहे हैं। बिरझा बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना उनके जैसे अनेक गरीब जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आवास प्रदान कर उन्हें सहारा एवं सुरक्षा प्रदान कर रहा है।

## धुर्वाटोला ने जीती सहगांव में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ग्राम सहगांव में 25 दिसंबर को एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूषण देवांगन थे।

वहीं, नूतन चुरेंद्र, केवल पिस्दा, लोकेश पिस्दा, भूपेंद्र गांवरे, प्रेम निषाद एवं अन्य अतिथि शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धुर्वाटोला ने प्राप्त किया जिन्हें 7001 रुपए नगद तथा विनर कप प्रदान किया गया। इसी तरह द्वितीय टेकापार को 5001 रूपए व विनर कप, तृतीय रायगढ़ 3001 रूपए व विनर कप तथा चतुर्थ स्थान बघमार को 1501 रुपए व विनर कप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आयोजक युवा स्टार स्पोर्ट्स क्लब के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## महिलाओं को सभी पुत्रवती होने का आशीर्वाद देते हैं, पुत्रीवती का नहीं



**गुण्डरदेही।** ग्राम चैनगंज में मानस गान प्रतियोगिता के मंच पर रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉक्टर बुशरा परवीन ने कविता के माध्यम से एक ऐसा कोण को छुआ जिसमें गर्भवती माता को सभी केवल पुत्रवती होने का आशीर्वाद प्रदान करते हैं, बेटी हो ऐसी शुभकामना कोई नहीं देते बल्कि मां भी बेटा होने की चाहत रखती है।

नीता देवांगन ने बेटियों के संघर्ष की दास्तान कविता के माध्यम से रखते हुए ऊंचाई छू रही बेटियों को सलाम किया। राष्ट्रपति पुरस्कृत सीताराम साहू श्याम ने कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सभी एक जिस्म एक जान हैं, भारत की नींव केवल प्रेम भाईचारा पर टिके होने की बात कही।

केशव राम साहू ने भेदभाव, ऊंच-नीच, आडंबर, अंधविश्वास पर प्रहार किया। रमेश यादव ने बेटियों पर मार्मिक रचना पढ़ते हुए सृष्टि का अमूल्य वरदान होने की बात कही। माखनलाल साहू ने गंदगी से होने वाली बीमारियों से अवगत कराते हुए साफ सुथरा दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी। जलज ताम्रकार ने मानवीय संवेदनाओं पर अपनी बात गजल गीत के माध्यम से कही। लिलर सिंह सिन्हा ने कविता को एटम बम की संज्ञा देते हुए समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, कुरीतियों से साहित्य के माध्यम से लड़ने की बात कही।

इस अवसर पर राजेंद्र कुमार सिन्हा, कुसुमाकर तिवारी, रवींद्र त्रिपाठी, नीलम दास मानिकपुरी, फहीम कुरेशी, फैज बक्स, मोती ठाकुर, दिनेश टावरी, महेश चांडक, चुन्नीलाल ताम्रकार, पूरनलाल साहू, ओमप्रकाश देवांगन, रामसेवक निषाद, राजपाल धनकर, तिलक धनकर, लीलाधर ठाकुर व ग्रामीण उपस्थित थे।

## अमित कुमार बने भारत सरकार में सचिव, प्रदेश के तीसरे आईएएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कैडर के 1993 बैच के आईएएस अमित कुमार अग्रवाल केंद्र में सचिव पद पर पदोन्नत हो गए हैं। अभी वे अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। वे दिसंबर 2016 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। केंद्र सरकार ने आईएएस अधिकारियों के विभागों में फेरबदल किया है, उसमें अमित कुमार को सीईओ यूनिक आईडेंटिफिकेशन का स्वतंत्र प्रभार के साथ सचिव फार्मास्यूटिकल विभाग दिया गया है। अमित कुमार भारत सरकार में सचिव बनने वाले छत्तीसगढ़ कैडर के तीसरे आईएएस होंगे।



- आठ साल से हैं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

उनसे पहले बीएस बासवान और बीवीआर सुब्रमणियम केंद्र में सचिव रह चुके हैं। सुब्रमणियम के बाद केंद्र में सचिव स्तर पर छत्तीसगढ़ से कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। अमित अग्रवाल का नाम छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव बनने के लिए चर्चा में है। अमिताभ जैन के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें मुख्य सचिव बनाने की अटकलें हैं। उनके सचिव पदोन्नत हो जाने के बाद देखना है कि वे छत्तीसगढ़ लौटना चाहेंगे या केंद्र में रहना पसंद करेंगे।

### धूलमुक्त शहर, कुत्तों की दहशत से मुक्ति का वादा, अंडरग्राउंड सीवरेज और टैंकर मुक्त शहर

# ढाई दशक में नेता बदलते गए, वादे वही रहे और समस्या भी वहीं रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

27 दिसंबर को नगरीय निकाय चुनाव के लिए महापौर पद के आरक्षण की लाटरी निकलेगी। इसके साथ ही यह तय होगा कि शहर का अगला मुखिया किस वर्ग से होगा। टिकट के दावेदार शहर विकास को लेकर नए वादों की तैयारी में हैं।

नगर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी अपने-अपने घोषणापत्र लेकर जनता के बीच पहुंचेगी। पर ढाई दशक से आम जनता राजनीतिक दलों के पुराने चुनावी घोषणापत्र और उनके कार्यों का लेखाजोखा से हैरान है। जनता से तत्कालीन चुनाव में नेताओं ने धूलमुक्त, मच्छरमुक्त, लाइलाज सीवरेज सिस्टम को भूमिगत करने, कुत्तों के खौफ से मुक्ति दिलाने और शहर को टैंकर मुक्त करने के जो लोकलुभावन वादे किये थे, वे अब तक पूरे नहीं हुए। उनको लग रहा है कि राजनीतिक दल के चुनावी घोषणापत्र लॉलीपाप से ज्यादा कुछ नहीं।




### सुनील का वादा था धूल मुक्त शहर

नगर निगम के पूर्व मेयर सुनील सोनी ने अपने कार्यकाल में शहर को धूलमुक्त और मच्छरमुक्त शहर बनाने का वादा रायपुर शहर की जनता से किया। 5 साल तक मेयर रहे पर न रायपुर धूलमुक्त हुआ और न मच्छरों की भरमार से शहरवासियों को निजात दिला पाए। अलबत्ता करोड़ों रुपए खर्च कर रोड स्वीपिंग मशीन खरीदी जरूर की गई, पर कुछ महीने बाद मुख्य मार्ग पर धूल फांकने के बाद भारी भरकम मेंटनेंस खर्च के कारण किसी काम की नहीं रही। प्रदेशभर में इस तरह की 3 रोड स्वीपिंग मशीनें सफेद हाथी के रूप में सालों डंप रहीं जो बाद में कबाड़ में तब्दील हो गईं।

### शारदा चौक से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण

सुगम यातायात के लिए शहर के मुख्य मार्ग तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को प्रमुख समस्या मानते हुए इसे राजनीतिक दलों ने नगर निगम चुनाव के समय चुनाव घोषणापत्र में जगह दी थी। नेता बदल गये, पर ट्रैफिक जाम की समस्या जस की तस है। दिलचस्प बात ये है, पहले किरणमयी नायक तत्कालीन भाजपा सरकार के सामने इस मुद्दे को उठाती रहीं, उनके बाद प्रमोद दुबे ने वही मुद्दा फिर उठाया। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मेयर दोबारा इसके लिए 42 करोड़ की राशि सड़क चौड़ीकरण और प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि देने के लिए मांगे, पर उनकी पार्टी की सरकार ने सालभर बीतने के बाद रत्तीभर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद महापौर एजाज ढेबर ने कांग्रेस की सरकार के रहते 4 साल बाद यह मुद्दा उठाया। 1 साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका भूमिपूजन किया। इस बीच प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद एक बार फिर यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### कुत्तों के कहर से मुक्ति का अता-पता नहीं डाग शेल्टर अधूरा

पूर्व मेयर किरणमयी नायक ने अपने कार्यकाल में शहरवासियों को कुत्तों के खौफ से राहत दिलाने वादा किया था। निगम की सत्ता में 15 साल तक कांग्रेस के मेयर काबिज होने के बाद भी कुत्तों का कहर कम नहीं हुआ। अलबत्ता महापौर एजाज ढेबर ने निगम के बजट में डाग शेल्टर बनाने का प्रावधान रखा, पर डॉग शेल्टर निर्माण का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से बीमार व दुघर्टना में घायल कुत्तों के उपचार और डाग सर्जरी की व्यवस्था डॉग शेल्टर में रहेगी। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे भी जनता से अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम, टैंकर मुक्त शहर जैसे लोकलुभावन वादे कर शहरी सत्ता पर काबिज हुये। पांच साल में न सीवरेज सिस्टम पर काम हुआ, न टैंकरमुक्त शहर का वादा पूरा कर पाये।

### 1200 से लेकर 1500, 1800 रुपए हर दिन के मिलेंगे

# अब दैनिक वेतन पर रखे जाएंगे अतिथि वैज्ञानिक, कोई छुट्टी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तक सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक और व्याख्याता काम पर रखे जाते थे, लेकिन अब विश्वविद्यालय में दैनिक वेतन पर अतिथि वैज्ञानिक रखने की तैयारी है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में यह नियम लागू करने की तैयारी है। विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुसंदान केंद्रों में खाली पदों पर अतिथि वैज्ञानिक रखने के लिए अनुमोदन किया गया है। मानदेय पर अतिथि वैज्ञानिकों से 50 रुपए के स्टांप पेपर पर यह वचन लिया जाएगा कि वे कभी भी नियुक्ति को नियमित स्थायी करने के लिए किसी अधिकारी के पास नहीं जाएंगे और न ही कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी करने के साथ ही यह नियम लागू कर दिया है। विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्रों में स्वीकृत और रिक्त पदों के विरुद्ध संबंधित विषय के अतिथि वैज्ञानिक दैनिक वेतन पर रखे जाएंगे। अतिथि वैज्ञानिकों के लिए योग्यता कृषि, कृषि इंजीनियरिंग में, वेटिनरी, में कम से मास्टर डिग्री कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ होनी चाहिए और अच्छा एकेडिमिक रिकार्ड भी होना चाहिए। इसके साथ ही एनईटी, पीएचडी डिग्रीधारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने लागू किया ये नियम

#### नियमित नौकरी का दावा भी नहीं



#### 26 से 40 हजार रुपए महीना होगा मानेदय

अतिथि वैज्ञानिक को माह में मिलने वाले मानदेय का निर्धारण इस प्रकार किया गया है। पीएचडी और नेट परीक्षा उत्तीर्ण की योग्यता रखने वालों को 1800 रुपए रोज या अधिकमत 40 हजार रुपए मिलेंगे। पीएचडी उर्तीण को के लिए भी यही मानदेय होगा। स्नातकोत्तर(पीजी) के साथ नेट परीक्षा पास करने वालों को 1500 रुपए रोज या अधिकतम 36 हजार रुपए महीना, केवल स्नातकोत्तर(पीजी) वालों को 1200 रुपए रोज या अधिकतम 26 हजार रुपए महीना मिलेगा।

#### पीजी वालों को डेलीवेजेस पर 6 माह के लिए रखेंगे

यदि उच्च योग्यता के अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं, तो विशेष परिस्थिति में संबंधित विषय में स्नातकोत्तर (पीजी) को प्रतिदिन की दर पर कार्य पर रखा जाएगा, लेकिन ऐसे अभ्यर्थी को केवल 6 माह के लिए काम पर रखा जाएगा। 6 माह बाद फिर से विज्ञापन जारी कर आवश्यक अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी को काम पर रखा जाएगा। इन पदों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं के खाली पदों पर अतिथि वैज्ञानिक नहीं रखे जाएंगे।

#### ये वचन भी देना होगा स्टांप पर

अभ्यर्थी के 50 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथपत्र देना होगा कि वे मानदेय के अतिरिक्त किसी सुविधा या भत्तों की मांग भविष्य में नहीं करेंगे। यह वचन देना होगा कि मुझे एक साल के लिए या पद नियमित रूप से भरने तक के लिए जो भी कम हो पूर्णतः अस्थायी रूप से कार्य पर रखा गया है। मेरा कार्य संतोषप्रद न होने पर मुझे एक सप्ताह के नोटिस पर कार्यमुक्त किया जा सकता है।

## नये साल में रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई का बढ़ेगा दायरा, 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नए साल में रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई का दायरा बढ़ाया जायेगा। इसके लिए 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट चार्ट तैयार किया गया है। यानी ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर इसके जरिये धूल कम की जायेगी। अभी तक 86 किलोमीटर दायरे वाली सड़क की मेकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से सफाई हो रही है। साथ ही रोड स्वीपिंग एजेंसी को 2 साल का अतिरिक्त समय दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी अब 4 की जगह 6 रोड स्वीपिंग मशीन चिन्हांकित सड़कों को चकाचक करने उतारेगी। दरअसल, शहर की सड़कों पर उड़ने वाली बारीक धूल के कण की सफाई करना निगम के लिए एक बड़ी चुनौती रही। मेनुवल तरीके से सड़क की सफाई के दौरान उड़ने वाले धूल के बारीक कण की सफाई नहीं हो पा रही थी। आमतौर पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल, तोड़फोड़ और सड़कों पर उड़ने वाली धूल के कण पीएम-10 के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसे हटाने मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर नगर निगम ने मेकेनाइज्ड स्वीपिंग सिस्टम को अपनाया है। इसके तहत ग्लोबल गूच वेस्ट मैनेजमेंट एलएपी कंपनी के साथ वर्ष 2021 में 4 साल के लिए अनुबंध किया गया। अनुबंध के अनुसार एजेंसी द्वारा शहर के 86 किलोमीटर दायरे वाली सड़क की मशीन से रात्रिकालीन सफाई कराने 5 रोड स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसमें से 4 मशीनें अलग-अलग रूट पर रात के समय सड़क की धुलाई और धूल की सफाई के लिए लगाई गई हैं, जबकि 1 मशीन को रिजर्व रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### अछोटी में गुरु घासीदास जयंती 28 को

**अंडा।** ग्राम अछोटी में गुरु घासीदास जयंती का आयोजन 28 दिसंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे, अध्यक्षता जनपद सदस्य एवं सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख करेंगे। शाम 4 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं, ग्राम सुखरी वालों के पंथी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### मंगलतराई में आज प्रस्तावित समस्या निवारण शिविर निरस्त

**बालोद।** जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मंगलतराई में 28 दिसंबर को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को निरस्त कर दिया गया है।

### भटगांव में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह 29 को

**बालोद/कलंगपुर।** समीपस्थ ग्राम भटगांव में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 29 दिसम्बर को संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है। सतनामी समाज के अध्यक्ष चन्द्रभान महिपाल ने बताया कि इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। जैतखाम पर आमंत्रित अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम तवेरा की पंथी पार्टी की प्रस्तुति होगी। साथ ही इसी दिन गांव में मड़ई मेला का भी आयोजन रखा गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में मनोरंजन के लिए छन्नू मन्नू नाचा पार्टी ग्राम निपानी की प्रस्तुति होगी।

### मकान में लगी आग लाखों रुपए कैश जला

**भिलाई ।** आग लगने से ग्राम बानबरद में राहुल निषाद के घर में अचानक आग लग गई। घटना में 40 से अधिक मुर्गियां जिंदा जल गए। खबर लगने पर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग की फायर टीम पहुंच गई। आगजनी का अज्ञात है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बानबरद गाव में स्थित राहुल निषाद के घर मे आग लगने सेअग्निशमन कार्यालय दुर्ग को सूचना मिली। दल तत्काल रवाना किया गया और वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए घर पर लगी आग को बड़ी बड़ी मशक्क़त से क़ाबू पाया।

**प्रवचन**

# भगवान शिव से सीखें स्वयं विषपान कर दूसरों का कल्याण करना : ओमप्रकाश

### मेढ़की में गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सर्व समाज एवं गायत्री परिवार मेढ़की के तत्वावधान में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सभी समाज के बहनों एवं माताओं ने सहभागिता निभाई। द्वितीय दिवस दिलेश्वर साहू द्वारा योगाभ्यास कराया गया। कपालभाति,अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम का महत्व बताया एवं प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

कथा वाचक पंडित ओमप्रकाश ठाकुर ने विधिवत यज्ञ एवं संस्कार कराया। यज्ञ के भौतिक एवं आध्यात्मिक पक्ष को विज्ञान सम्मत विश्लेषण कर सविस्तार बताया। तृतीय दिवस की शुरुआत योगाभ्यास से हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति में सर्व समाज के लोगों ने आहुति प्रदान कर प्राणी मात्र के कल्याण की प्रार्थना की। शिव महापुराण कथा के दौरान ठाकुर ने भगवान शंकर जी से स्वयं कष्ट सहन कर दूसरे के कल्याण करने का गुण ग्रहण करने को कहा। शिव पार्वती विवाह, सती भस्म,शंकर जी का विषपान, गुणेश्वर महादेव आदि प्रसंग सुनाया। किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने व मांस मदिरा का त्याग करने के लिए प्रेरित किया। मिलाप राम साहू ने नशा मुक्ति अभियान के बारे में बताया। युवाओं को नशे से दूर रहकर गांव के विकास में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। सर्व समाज के पदाधिकारी, युवाओं एवं महिलाओं का सम्मान किया गया।



गांव में पहली बार हुआ ऐसा कार्यक्रम

इस अवसर पर ग्राम सरपंच बोधन लाल कुर्रे ने कहा कि इस तरह का आयोजन गांव में पहली बार हुआ। इस कार्यक्रम ने सभी समाज को एकजुट कर दिया। इस तरह का आयोजन से आपसी मतभेद दूर होते हैं एवं प्रेम भावना का विकास होता है। राजू साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा सभी समाज कार्यक्रमों में सहयोग करने का निवेदन किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र साहू, संतराम गायकवाड़, विष्णु साहू, रोहित साहू, बिसहत वर्मा, जुठेल राम बघेल अशोक कुमार, संतोष वर्मा, राजकुमार यादव, जयप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अहिरावण और रावण वध लीला का हुआ सजीव मंचन

**नवागढ़।** ग्राम रनबोड़ में आयोजित रामलीला के अंतिम दिन बुधवार को अहिरावण और रावण वध लीला का सजीव मंचन किया गया। लीला को देखने के लिए इलाके से बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही। लीला मंचन के क्रम में अपने भाई पुत्रों को खो चुके लंकापति रावण ने पाताल लोक जाकर, वहां अपने भाई अहिरावण से राम व लक्ष्मण दोनों भाइयों का अपहरण कर उनको मां जगदम्बा के सामने बलि देने की बात कहता है। जिस पर अहिरावण अपनी माया से राम लक्ष्मण सहित वानरी सेना को गहरी नींद में सुला देता है। उसके बाद राम व लक्ष्मण को पाताल पुरी में ले जाकर मां जगदम्बा के सामने उनकी बलि देने की तैयारी करता है। तभी नींद से उठे वानरी सेना के महाबली हनुमान ने पाताल लोक में जाकर अहिरावण की पूजा भंग कर मल्ल युद्ध के दौरान उसका वध कर देते हैं। तत्पश्चात स्वयं लंकेश रावण, प्रभु राम से युद्ध करने के रणक्षेत्र में आता है। जहां राम रावण के बीच रोमांचकारी युद्ध होता है। युद्ध के बीच रावण अपने मायावी प्रभाव के साथ प्रभु राम से लड़ाई करता है। बार बार प्रभु राम के बाण मारे जाने के बाद भी वह जीवित बच जा रहा है। यह देख विभीषण ने भगवान राम को कान में रावण के नाभी में अमृत कलश होने की बात बताई। विभीषण ने राम से उसकी नाभी में बाण मारने को कहा। जिस पर राम ने बाण पर मंत्र का संधान कर रावण की नाभी में मार दिया। जिससे रावण मारा जाता है। रावण के मारे जाते ही वानरी सेना उछलने लगी और जयश्रीराम के जयघोष से पूरा आसमान गुंजायमान हो उठा।



# बेमेतरा सोसायटी अध्यक्ष दोहाई लाल ने लिया पदभार

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विधायक दीपेश हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू की अनुशंसा पर भाजपा नेता दोहाई लाल वर्मा को बेमेतरा सेवा सहकारी समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

गुरुवार को कृषि उपज मंडी में नवनियुक्त मनोनीत अध्यक्ष दोहाई लाल का कार्यभार शपथ ग्रहण समारोह रखा गया था जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। स्वागत भाषण समिति प्रबंधक विनोद कुमार राजपूत ने दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए विधायक दीपेश साहू का आभार प्रकट किया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि साय सरकार किसानों की हितैषी है। उन्होंने कहा कि जिले में बेमेतरा सोसायटी को बेहतर सोसायटी माना जाता है। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से सोसायटी निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। आपकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और नेतृत्व क्षमता से क्षेत्र की प्रगति को नया बल मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी।

इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, महेश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचूराम साहू, विकाश तंबोली, मोंटी साहू नीलू राजपूत पार्षद नरेश साहू, देव राम साहू, युगल देवांगन, धर्मेंद्र साहू, शोभनाथ ध्रुव पार्षद, लक्ष्मी लहरे पार्षद, नीतू कोठारी पार्षद सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता, अधिकारी-कर्मचारी व किसान उपस्थित थे।

# दावेदारों की नजरें निकाय के अध्यक्ष पद के आरक्षण पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण तय होने के बाद अब राजनीतिक दलों की नजरें बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद से लेकर जिले के दूसरे नगरीय निकाय बेरला,साजा, नवागढ़ , थान खमरिया , भिभोरी,देवकर ,कुसमी के अध्यक्ष पद के आरक्षण पर टिकीं है। शुक्रवार राजधानी रायपुर में होने वाले आरक्षण की प्रक्रिया स्थगित होकर नए साल की 7 तारीख तक बढ़ जाने से दावेदारों के चेहरे पर मायूसी छा गई। हालांकि की पहले से दावेदारों की धड़कन आरक्षण को लेकर तेज है। बताना लाजिमी होगा कि इस बार होने वाले नगरीय निकाय चुनावों में अध्यक्ष पद का चुनाव सीधे मतदाताओं द्वारा किया जाएगा। इस लिहाज से माना जा रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव काफी रोचक होगा। । हालांकि आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण हुए बगैर ही नगरीय निकाय चुनावों को लेकर राजनैतिक दलों के हर वर्ग के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में जिस ढंग की हलचल देखने को मिल रही है उसे देखकर ऐसा लग रहा है मानो आरक्षण उनके ही मन मुताबिक तय होने वाला है। विशेषकर बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए सत्तारूढ़ दल भाजपा खेमे के कार्यकर्ताओं की बात की जाए तो इस खेमे में हर वर्ग और हर समुदाय का कार्यकर्ता उम्मीद और आस लगाए बैठा है। इसके लिए इन कार्यकर्ताओं द्वारा दौड़ भाग तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आगे पीछे अपनी मौजूदगी जी हजूरी भी शुरू कर दी गई है। यही स्थिति प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस में भी देखने को मिल रही है। हालांकि कांग्रेस खेमे में फिलहाल नगरीय निकाय चुनावों को लेकर उतना उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है जितना की भाजपा खेमे में दिखाई दे रहा है। बहरहाल नगरीय निकाय चुनाव में जिसकी लाठी उसकी भैंस होती है। पिछली बार के नगरीय चुनाव का अनुभव भी यही कहता है, तब प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की सरकार काबिज थी लेकिन इस बार पस्थितियां कांग्रेस खेमे के विपरीत है। फिर भी चाहे भाजपा के कार्यकर्ता हों या फिर कांग्रेस के सभी ने नगरीय निकायों के आरक्षण के बाद अंदर खाने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। उन्हें अब अध्यक्ष पद के आरक्षण का इंतजार है।



- नगरीय निकाय चुनाव को लेकर हलचल तेज
- संभावित दावेदारों द्वारा शुरू कर दिए गए हैं टिकट पाने प्रयास

# मरतरा स्कूल में जिपं सदस्य प्रज्ञा ने किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन



**बेमेतरा।** अंचल के 12 गाँव, 2860 किसान, 125 महिला स्व सहायता समूह और 5 सरकारी स्कूलों में आये प्रभावी परिवर्तन के कार्यक्रमों का समाज में उल्लेख और रेखांकन आवश्यक है।

बिना किसी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के बिना हल्ला गुल्ला मचाए सिर्फ सेवा और सामाजिक परिवर्तन की आकांक्षा से किये जा रहे कार्यों की सराहना समाज के बुद्धजीवियों और सामाजिक सरोकार में लगे लोगों को मुक्त कंठ से करना चाहिए। यह बात ग्राम पंचायत मरतरा में स्मार्ट क्लास के उद्घाटन के लिए शासकीय मिडिल स्कूल पहुँची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कही। एचडीएफसी बैंक के सीएसआर मद से समर्थ ट्रस्ट के समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अवलोकन किया। बैंक के प्रकाश बर्मन, समर्थ ट्रस्ट की डायरेक्टर गजाला पॉल, स्टेट हेड कृष्णा श्रीनिवासन, क्षेत्रीय क्रियान्वयन अधिकारी प्रभांशु सिंह, नरोत्तम टंडन और पूरी टीम को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए किए जा रहे उनके संस्थान के प्रयासों और धरातल में परिलक्षित परिणामों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मरतरा स्कूल के छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम को अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने भी संबोधित किया।

# मंडल अध्यक्षों ने सांसद बघेल से की मुलाकात



**साजा।** विधानसभा साजा के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों ने सांसद विजय बघेल से उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर साजा मंडल के बुलाक साहू, थान खमरिया मंडल के केशव पटेल, परपोडी मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा उपस्थित रहे। सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों को सांसद विजय बघेल ने शुभकामनाएं दीं।

# बाबा गुरु घासीदास ने जीवन जीने का तरीका सिखाया : आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम अछोली में आयोजित बाबा घासीदास जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर सतनामी समाज का आयोजन सराहनीय है। बाबा गुरु घासीदास ने हमें जीवन जीने का तरीका सिखाया है मनखे के मनखे के एक समान का संदेश दिया है आज उनके जयंती के शुभ अवसर पर पंथी के माध्यम से हमें न केवल जीवन जीने को उत्साहित करती है बल्कि जीवन में ऊर्जा का संचार भी करती है। बाबा गुरु घासीदास के संदेश सभी जन समुदाय के लिए आज भी उतने ही प्रासंगिक है। अगर मनुष्य उनके बताएं मार्गों पर चले तो जीवन रूपी नईया बहुत आराम से पर लग जाएगी। इस अवसर पर लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा शुभम वर्मा जयनारायण साहू सरपंच ग्राम पंचायत अछोली अनघया कोसले सतराम कोसले श्रवण गेंडे सुखदास कोसले, जगमोहन कोसले अशोक कोसले, संतोष कोसले, खेलावन बारले, भागवत कोसले कैप्टन अनिल शर्मा, आनंद शर्मा सूरज तिवारी सोहन साहू मोहन चौहान अभयराम साहू सुनील साहू,हरिनारायण साहू वासुदेव साहू ऋषि साहू तोरण साहू सहित पंथी पार्टी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

- बाबा घासीदास जयंती में शामिल हुए पूर्व विधायक



# जेवरा सहकारी समिति में अध्यक्ष प्रबल ठाकुर ने संभाला पदभार



**बेमेतरा।** ग्राम जेवरा सेवा सहकारी समिति के नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष प्रबल सिंह ठाकुर ने भगवान बलभद्र और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल बेमेतरा के नवनियुक्त अध्यक्ष गजानंद साहु मुख्य रूप से शामिल हुए उनके साथ महामंत्रीगण डेरहाराम देवांगन, भागी साहु, डे साहब वर्मा, शक्तिकेन्द्र प्रभारी टोप सिंग टंडन, समस्त बुथ प्रमुख गण, प्रवीण सिंह कचराबाई डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी चैतराम निषाद राममुरारी सिंह सालिक दुबे कुमार साहु प्रणय राणा फूल सिंग साहु चंद्रहास सिंह तारन साहु दीपेन्द्र सिंह रामबिसाल साहु अनिरूद्ध सिंह लाला पाटिल दीनानाथ योगी रामेश्वर बंजारे मनीराम लहरे रूपेश पाटिल भागवत सिन्हा उगेश यदु भूनेश्वर साहु शोभा यादव संतोष ध्रुव गोपाल सिन्हा संदीप खरे वेदप्रकाश वैष्णव महेश निषाद विजय वर्मा हरिचंद मारकंडे तेजराम निषाद लव कुमार गेंड्रे जगेसर वर्मा अशोक साहु सीताराम निषाद भारत साह रमेश्वर संघारे तरूण सिंह अनिल सिंह विवेक सिंह सहित किसान और भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







